## खबर संक्षेप

### अटल जी की 101 वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित




मैहर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर विधायक कार्यालय में गरिमामयी पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने अटल जी के सुशासन और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सत्यभान सिंह,संजय पांडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने अटल जी की दूरदर्शिता को भारत के गौरवशाली इतिहास का आधार बताया।

### वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विष्णुकांत त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



सतना। वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विष्णुकांत त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निखिल गौतम मझगवां के साथ ड्यूटी डॉक्टर प्रयांशु सिंह,वीरेंद्र गुप्ता,सीताराम विश्वकर्मा,पवन सिंह,रज्जन पांडेय,सचिन जायसवाल एवं मुन्नू माझी उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य में क्षेत्र के वरिष्ठजन,पत्रकार बंधु एवं युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अस्पताल में भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जाना।

### एकेएस विश्वविद्यालय के प्राध्यापक को एआईसीटीई–एटीएएल प्रशिक्षण प्रमाणपत्र



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत लेक्चरर इंजी. शिवेश कुमार सोनी ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित एटीएएल अकादमी द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में सहभागिता कर प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त किया। यह कार्यक्रम "ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों का भविष्य" विषय पर श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज में 15 से 20 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान हरित हाइड्रोजन,नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों तथा भविष्यकी ऊर्जा प्रणालियों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं विभाग ने इस उपलब्धि पर इंजी.शिवेश कुमार सोनी को बधाई दी।

### नजीराबाद में कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट,बढ़ी तनातनी

सतना। नजीराबाद मुक्तिधाम के पास कार पार्किंग के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया,जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के दौरान एक पक्ष खुद को क्षेत्रीय नेता का करीबी बताते हुए रौब झाड़ता नजर आया। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्ष कोतवाली थाना पहुँचे और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की मारपीट और राजनीतिक रसूख के प्रदर्शन को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### ससुर ने दामाद पर किया जानलेवा हमला,हालत गंभीर

सतना।अमरपाटन थाना क्षेत्र के बजरहा टोला में पारिवारिक विवाद के चलते एक ससुर ने अपने ही दामाद पर कुल्हाड़ी और पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। घायल टीकाराम,जो अपने ससुराल में ही मजदूरी कर रहता था,के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। हमले के बाद लहूलुहान अवस्था में पीड़ित स्वयं सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुँचा। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी ससुर के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है।

## जो अपने जीवन में कभी हार नहीं मानता उसे हरा पाना मुश्किल होता है:राज्यमंत्री

# हमारा शरीर फिट रहेगा, तो अच्छी सोच रख सकेंगे: साइना नेहवाल

**सतना लोकसभा क्षेत्र के सतना जिले में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन समारोह गुरूवार को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर सतना में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साइना नेहवाल रहीं।**



### दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन

सतना ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा की गई। कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय, मैहर कमलेश सुहाने, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, विमला पाण्डेय, पुष्कर सिंह तोमर, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, सुधीर सिंह तोमर, राजाराम त्रिपाठी, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, एकेएस यूनिवर्सिटी के चेयरमैन अनंत सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

खिलाडियों का उत्सावर्धन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साइना नेहवाल ने कहा कि बच्चे फोन के अलावा ग्राउण्ड मे जाकर किसी न किसी खेल का अभ्यास जरूर करें। क्योंकि जितना फिट हमारा शरीर रहेगा, उतना ही फिट हम सोच सकेंगे। इससे हमारे मन की एकाग्रता अच्छी रहेगी और हम अनुशासित रहेंगे। क्योकि खेल हमें अनुशासन सिखाता है। अगर हम अपने फोकस लेवल को मेडीटेशन के साथ जोड दे तो हमें कोई हरा नहीं सकता। साइना नेहवाल ने कहा कि खेलों में उपलब्धि हासिल करने के लिए स्टेडियम और अन्य सुविधाओं के साथ-साथ अच्छे कोच का होना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने खिलाडियों का आह्वान करते हुए कहा कि खिलाडी के जीवन में बहुत अधिक दबाव रहता है। लेकिन सच्चा खिलाडी वहीं है जो दबाव को भी इंज्वाय कर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करें। साइना नेहवाल ने कहा कि आयोजक यदि चाहते हैं कि उनका खिलाडी नेशनल, इंटरनेशनल या ओलंपिक में खेलकर ज्यादा से ज्यादा मेडल लाये तो उन खिलाडियों का जॉब या स्पांसरशिप मिलना बहुत जरूरी है ताकि खिलाडी अपने खेल पर फोकस करें और उसका ध्यान खेल पर हो।




नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद खेल जगत में युवाओं की अद्वितीय रूचि देखी गई है। इसका जीवांत उदाहरण फिट इंडिया, खेलेगा इंडिया तो बढेगा इंडिया, खेलो इंडिया खेलो जैसे कार्यक्रमों का आयोजन है। इससे गांव-गांव से अच्छे खिलाडी निकल रहे है। सांसद खेल महोत्सव में जिले के सभी प्रतिभावान खिलाडी जिन्होंने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके हमारा नाम रोशन किया है, यह हमारी उपलब्धि है। यह उपलब्धि एक दिन की नहीं बल्कि कई वर्षो की है। राज्यमंत्री ने कहा कि जो अपने जीवन में हार नहीं मानता उसे हरा पाना मुश्किल होता है। हर व्यक्ति को जीवन में संघर्षो को पार करते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना है और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अंतिम सांस तक प्रयास करना चाहिए। खेल महोत्सव के आयोजक सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि साइना नेहवाल ने ओलंपिक लंदन में 2012 में कांस्य पदक जीतकर बैडमिंटन में पहली महिला भारतीय पदक विजेता बनी थी। विश्व जूनियर चैपिंयनशिप 2008 में पहली भारतीय महिला है। बीडब्ल्यू एफ सुपर सीरीज में 2009 में देश में पहली महिला खिलाडी बनी। उसके बाद 2010 राष्ट्रमण्डल खेलों में और 2018 में स्वर्ण पदक विजेता रही है। विश्व रैंकिंग में दुनिया की नम्बर एक रैंक हासिल करने वाली पहली महिला खिलाडी है। बैडमिंटन खिलाडी को भारत सरकार से पदमश्री, पद्म विभूषण, राजीव खेल रत्न, अर्जुन पुरूस्कार से सम्मानित भी किया गया है। सांसद ने कहा कि 2011 से सांसद खेल ट्राफी की शुरूआत हुई थी। आज पूरे देश भर में सांसद खेल महोत्सव के रूप में जाने जाना लगा। सांसद खेल महोत्सव में अब तक 1 करोड से ज्यादा खिलाडियों ने सहभागिता निभाई है। उन्होंने कहा कि इस बार जब खेल महोत्सव की शुरूआत राष्ट्रीय खेल दिवस 30 अगस्त को मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस पर हुई थी। खेल महोत्सव में 31 अक्टूबर तक खिलाडियों ने पंजीयन कराया था। पंजीयन 116 दिन की अवधि में 7963 खिलडियों ने पंजीयन कराया था। सांसद ने कहा कि खेल महोत्सव में 11 खेलों का आयोजन 10 खेल के मैदानों में शानदार तरीके से किया गया। जिसमें बालीबाल में 7, फुटबाल में 45, कबड्डी महिला-पुरूष में 102, खो-खो में 45, बास्केट बाल में 8, रस्साकशी में 10, टेनिस बाल क्रिकेट में 280, दिव्यांगजन ट्राइसिकिल रेस में 42, पुरूष कुश्ती में 32 एवं एथलेटिक्स में 1149 खिलाडियों ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जिला स्तर, विधानसभा स्तर पर तीन चरणों में किया गया था। जिसमें प्रथम चरण 26 नवम्बर, द्वितीय चरण 5 दिसम्बर तथा तृतीय चरण 13 दिसम्बर को शुरू होकर 25 दिसम्बर को समापन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साइना नेहवाल सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया और विजेता और उप विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।





# सेमरिया चौराहा अघोषित ऑटो स्टैंड बना, यातायात व्यवस्था ध्वस्त

सतना।

शहर का प्रमुख सेमरिया चौराहा इन दिनों भीषण जाम और अव्यवस्था का केंद्र बन गया है। ऑटो चालकों द्वारा चौराहे को अघोषित स्टैंड बना लेने के कारण पैदल यात्रियों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है। स्थिति यह है कि पूरे दिन यहां जाम के हालात बने रहते हैं,लेकिन यातायात पुलिस की अनुपस्थिति समस्या को और बढ़ा रही है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और प्रशासन मौन है। लोगों ने मांग की है कि यहां से तत्काल अघोषित स्टैंड हटाया जाए और नियमित ट्रैफिकपुलिस की तैनाती की जाए ताकि व्यवस्था सुचारू हो सके।

# विंध्य व्यापार मेला: महिला बाथरूम में वीडियो वायरल, सुरक्षा पर उठे सवाल

### थाने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट, जांच में जुटी पुलिस

सतना।

बीटीआई ग्राउंड में आयोजित 'विंध्य व्यापार मेला' एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था में भारी चूक के कारण विवादों में है। मेले के रामगढ़ सेक्शन स्थित महिला बाथरूम में एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। अज्ञात असामाजिक तत्वों की इस करतूत से शहर भर में आक्रोश है और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की निजता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। घटना के बाद मेला प्रबंधन ने सक्रियता दिखाते हुए कोलगवां थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और वीडियो के मूल स्त्रोत की तलाश की जा रही है।स्थानीय निवासियों ने मेला प्रशासन से सुरक्षा पुख्ता करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




## कांग्रेस की बैठक में नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत और 'न्याय महारैली' का संकल्प



मैहर।

जननायक सुखलाल कुशवाहा मित्र मंडल के तत्वावधान में नव-नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया गया। सेवा दल कार्यालय में आयोजित इस बैठक में मैहर,अमदरा, नादन और बदेरा के नए अध्यक्षों का अभिनंदन हुआ। इस दौरान आगामी 'न्याय महारैली' की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष धर्मेश घई की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने इस रैली को ऐतिहासिक बनाने और घर-घर जाकर जनसंपर्क करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सामाजिक न्याय के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई और एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

# खनिज विभाग की कार्रवाई: कोयले के अवैध परिवहन पर संशय के घेरे में विभाग





सतना।

खनिज विभाग मैहर ने कोयले के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया है। हालांकि,विभाग की इस कार्रवाई पर तब सवालिया निशान लग गए जब कोयले से लदे एक ट्रक को कथित तौर पर छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार,अमरपाटन क्षेत्र में बिना अनुमति के हाईवे पर कई स्थानों पर अवैध कोयला भंडारण किया जा रहा है। जिस वाहन को छोड़ा गया,वह कंचनपुर स्थित एक ढाबे पर जा रहा था। स्थानीय लोगों और सूत्रों का आरोप है कि विभाग चुनिंदा कार्रवाई कर रहा है,जिससे मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल विभाग इस पर अपना पक्ष रख रहा है,लेकिन सवाल अभी भी बरकरार हैं।

# पीडब्ल्यूडी विभाग का 'अजब खेल': पुरानी मिट्टी पर ही चला रहे लेबलर

सतना।

धारकुंडी आश्रम से गेरुआर तक बन रही सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सड़क की गुणवत्ता में कमी के बाद अब पटरियों के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। नियमतः सड़क के किनारों पर नई मिट्टी या मुरुम डाली जानी चाहिए,लेकिन जंगल के हिस्से वाली सड़क पर पुरानी पटरी को ही खोदकर (प्लाउ कर) उस पर लेबलर चलाया जा रहा है। इस 'जुगाड़' के काम से सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से इस भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही की जांच करने की अपील की है।



# मैहर में काल बनकर दौड़ा ट्रक: बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

मैहर।

नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को बुरी तरह कुचल दिया। इस हृदयविदारक घटना में दोनों युवकों की जान चली गई है।

### पुलिस और रेस्क्यू टीम की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम और नादन देहात थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिए तत्काल मैहर सिविल अस्पताल भिजवाया।

### तेज रफ्तार का कहर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। बेलगाम ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

अस्पताल में युवक की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसने भी दम तोड़ दिया। अस्पताल ले जाते समय और उपचार के दौरान हुई इस मौत के बाद हादसे में कुल मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। इस हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप

### संदीपनि शासकीय विद्यालय पवई में कैरियर मार्गदर्शन आयोजित



पवई। संदीपनि शासकीय विद्यालय पवई में कैरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय के आए हुए प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को ई प्रवेश ,वोकेशनल सब्जेक्ट एवं शासन की हितग्राही योजना जैसे छात्रवृत्ति गांव की बेटी योजना तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा विशेष चयन की जानकारी दी गई तथा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी बताया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर प्रवीण सिंह, डॉक्टर सत्या वर्मा, डॉक्टर जयकरण तथा दीपेंद्र कुमार रहे विद्यालय से प्राचार्य रामकृष्ण नगायच एवं समस्त स्टाफ तथा कक्षा 9 से 12 के समस्त छात्राओं को कैरियर के अवसरों की जानकारी दी। तथा छात्रों हेतु संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं, विभिन्न छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रिया, विषय का चयन माइनर मेजर विषय आदि पर विस्तृत जानकारी दी।

### हिनौता में बोरी बंधान, भू-जल स्तर बढ़ाने की पहल




पवई। जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था पतने जन सेवा समिति, पवई द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड पवई की ग्राम पंचायत हिनौता में सराहनीय कार्य किया गया। अभियान के तहत खेतों के बीच से निकलने वाले नाले में बोरी बंधान किया गया, जिससे वर्षा जल का संरक्षण संभव होगा और क्षेत्र के भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। यह पहल जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस कार्य को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर अभियान को गति दी और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

### सृजन कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न

शाहनगर। सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सृजन कार्यक्रम उत्साह और रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम बना। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय प्राचार्य बी.एल. पांडेय रहे। इस अवसर पर नगर के



आमजन, अभिभावक, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के संचालक तथा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक महाहाविद्यालय के विद्वान प्राध्यापकों की विशिष्ट उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी रामलखन तिवारी, धनीराम तिवारी, शासकीय कन्या हाई स्कूल से प्रभारी प्राचार्य परशुराम उर्मलिया, तथा बालिका छात्रावास की अधीक्षिका दीपिका उइके एवं अनुराधा सिंह मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मार्गदर्शक शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा विविध ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक स्टॉल सजाए गए, जिनमें कला, वाणिज्य, आर्ट एवं क्राफ्ट, म्यूजिक, डांसिंग, पुस्तकालय, एनसीसी, स्काउट-गाइड, जूनियर रेड क्रॉस, एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत आईटी व इलेक्ट्रिकल्स से संबंधित नवाचार प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। अभिभावकों और आगंतुकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की। प्राचार्य बी.एल. पांडेय ने विविध विधाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रों को मैडल एवं प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया।

### किशोरी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज

अमानगंज। थाना सिमरिया जिला पन्ना अंतर्गत ग्राम छोटी महोड़ निवासी फरियादिया सुनीता विश्वकर्मा (उम्र 40 वर्ष), पति हलकाई विश्वकर्मा, ने अपनी नाबालिग पुत्री के गुम हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। फरियादिया द्वारा दी गई। 23 दिसंबर को वह अपने मायके झुकेही से बस द्वारा अपनी छोटी पुत्री राधा विश्वकर्मा (उम्र 17 वर्ष) के साथ घर लौट रही थीं। दोपहर करीब 3 बजे अमानगंज बस स्टैंड पर बस बदलने के लिए दोनों उतरीं। इसी दौरान राधा ने समोसा खाने की इच्छा जताई। फरियादिया ने राधा को समोसा की दुकान पर रुकने को कहा और स्वयं पास की दुकान से केला लेने चली गईं। कुछ ही देर बाद जब फरियादि वापस लौटीं तो उनकी पुत्री राधा बस स्टैंड पर मौजूद नहीं थी। इसके बाद उन्होंने बस स्टैंड एवं आसपास काफी तलाश की।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच दिलाने का काम करता है सांसद खेल महोत्सव - गौतम टेटवाल

# हजारों खिलाड़ी का महाकुंभ है सांसद खेल महोत्सव-बीडी शर्मा

**अनुशासन की पाठशाला है खेल-अशोक ध्यानचंद**

**लोकसभा क्षेत्र खजुराहो में आयोजित "सांसद खेल महोत्सव" का भव्य समापन आज पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गया**

खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस खेल महोत्सव में ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से रिकॉर्ड 1 लाख 28 हजार 932 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।








पन्ना

लोकसभा क्षेत्र खजुराहो, मध्य प्रदेश में आयोजित सांसद खेल महोत्सव ने इस वर्ष खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच दिया। विभिन्न खेल विधाओं में आयोजित प्रतियोगिताओं में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा ने युवाओं को जोड़ने में अहम भूमिका निभाई, जिसके चलते 1,28,932 खिलाड़ियों ने खेल महोत्सव में सहभागिता दर्ज कराई। तीन दिन चले समापन अवसर पर आज छत्रसाल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव भव्य समापन अंतरराष्ट्रीय हॉकी के खिलाड़ी (हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बेटे) अशोक ध्यानचंद, सांसद बीडी शर्मा, गौतम टेटवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, दिलीप अहिरवार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह विधायक, प्रणय पांडे विधायक, अरविंद पटेरिया, नगर निगम कटनी अध्यक्ष प्रीति सूरी, पन्ना जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, कटनी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, छतरपुर जिला अध्यक्ष श्री चंद्रभान गौतम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मीना राजे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे, अजयगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सीता गुप्ता अमानगंज नगर पालिका अध्यक्ष सारिका खटीक सतानंद गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। 25 दिसंबर को पन्ना स्थित महाराजा छत्रसाल ग्राउंड में आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अशोकध्यानचंद ने कहा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने और छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि माननीय नरेंद्र मोदी जी के मनसा के अनुसार आज खेलों के प्रति सरकार जागरुक है और आज विश्व में भारत के खिलाड़ियों का नाम हो रहा है। विशेष अतिथि गौतम टेट वाल ने कहा सांसद खेल महोत्सव का इतना बड़ा आयोजन केवल बीडी शर्मा ही करवा सकते हैं आज हजारों प्रतिभाएं बुंदेलखंड से उभर कर आ रही है इसका कारण है बीडी शर्मा का कुशल नेतृत्व है। दिलीप अहिरवार ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की नींव बनेगा। इस पूरे आयोजन के संरक्षक खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि खेल, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ देश के भविष्य को मजबूत करते हैं। खिलाड़ियों की ऐतिहासिक भागीदारी के साथ सांसद खेल महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र को खेलों के मानचित्र पर एक नई पहचान दी। पन्ना जैसे शहर में हजारों खिलाड़ियों का आना और खेल के प्रति जनता को जागरूक रखना यह बड़े गर्व की बात है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया।

## आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामू टेकाम का देवेंद्र नगर आगमन
## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आतिशबाजी व पुष्पमालाओं से किया स्वागत



पन्ना।

मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामू टेकाम का पन्ना से सतना प्रवास के दौरान नगर परिषद देवेंद्रनगर के मुख्य तिराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया तथा आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रामू टेकाम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समाज के अधिकारों और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ से लेकर जिला स्तर तक आदिवासी प्रकोष्ठ का सशक्त गठन किया जाएगा। टेकाम ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है तथा मनरेगा जैसी योजनाओं का नाम बदलकर आदिवासी वर्ग के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया गया है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। प्रदेशाध्यक्ष ने उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों से संवाद भी किया और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष अनीश खान, केशरी अहिरवार, शिवकुमार दीक्षित, सौरभ पटेरिया, नरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिलन कुशवाहा, उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा, आशीष बागरी, ऋषभ गर्ग, रमेश अग्रवाल, कमलेश जैन, बाबू भाईजान, मनोज कुशवाहा, शिवपाल वर्मा, मुकेश पटेल, निखिल विश्वकर्मा, बशीर मोहम्मद, दिनेश कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा, अजय राय, दीपक कुशवाहा, जितेंद्र, सुग्रीव, देव सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में बड़ागांव में नवीन उद्योगिक पार्क क्षेत्र विकास को लेकर औपचारिक प्रशासनिक स्वीकृति

**सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग से मिली जिले के विकास में एक और सौगात जुड़ी**

पन्ना।

बड़ागांव जो कि पन्ना जिला मुख्यालय से देवेन्द्रनगर तहसील के मध्य महज लगभग 14 किलोमीटर की दूरी पर जो जाना जाता है। जहां उद्योगिक पार्क स्थापित होने से नवीन विकास की दिषा उद्योग के क्षेत्र में जानी जायेगी। जिसके तहत सड़क जल आपूर्ति, विद्युत, ड्रेनेज एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृणीकरण हेतु 34.40 करोड़ रूपये की राषि स्वीकृति की गई। यह निर्णय स्थानीय उद्यमिता रोजगार सृजन व क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति देगा। यह सिर्फ एक परियोजना ही नहीं बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए भी एक अवसर उद्यमियों के लिए भरोसा व पन्ना जिले में उद्योगिक भविष्य के लिए एक ठोस आधार की दिषा तय होगी। निष्चितौर पर उद्योगिक की दिषा में पन्ना को लेकर यह एक सौगात मानी जा रही है। गौरतलब बात यह है कि सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेष क्रमांक 2165/एस/मई/ 16/02/ 2025/1/65 राज्य शासन द्वारा दिनांक 13/11/2025 को सम्पन्न प्रमुख सचिव सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में स्थाई वित्तीय समिति की बैठक के अनुमोदन अनुसार विभागीय बजट सीमा के अंतर्गत 6750-सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों का अधोसंरचना विकास कार्य के कुल 11 विकास कार्यों की राषि रूपये 201.84 करोड़ तथा 7340 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भवनों का निर्माण एवं आधुनिकीकरण के कुल 4 प्रकरणों में राषि 376.73 लाख राषि 3 करोड़ 76 लाख 73 हजार मात्र की प्रषासकीय स्वीकृति निम्नानुसार प्रदान करने को लेकर जो 13 नवम्बर 2025 को सम्पन्न प्रमुख सचिव सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में यह अनुमोदन जो प्रषासकीय स्वीकृति के रूप में तय हुआ जिसमें पन्ना जिला में नवीन उद्योगिक क्षेत्र बडागांव में प्रस्तावित कार्य सीसी रोड़, आरसीसी, नाली, ह्यूम पाईप, कलवर्ड विद्युतिकरण, ट्यूबेल एवं जल प्रदाय लाईन, ओव्हर हेड एवं अण्डर ग्राउण्ड वाटर टैंक इत्यादि को लेकर 34.40 करोड़ रूपये प्रषासकीय स्वीकृति के रूप में तय किये गये है। यह पन्ना जिले के विकास में एक और सफलता का आयाम तय हुआ है। निष्चितौर पर विकास की क्रम में यह एक सफलता का आयाम भी कहीं न कहीं युवाओं के भविष्य को लेकर उद्योग के क्षेत्र में जाना जायेगा।

## जैविक खेती-प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता
### मिट्टी को स्वास्थ्य रखना हम सबकी जिम्मेदारी



पन्ना।

हमारा देश आज जैविक खेती अपनाने को आतुर है। कृषि क्षेत्र में लगातार राज्य एवं केन्द्र सरकार खेती में सुधार के लिये दृढ़संकल्पित है। जिले में सब्जी एवं फसल उत्पादक किसान जो हम सब को सब्जी दूध उपलब्ध करा रहे है उनका प्रशिक्षण निरंतर आवश्यक है। हमारे जिले के सब्जी हब कुजवन, अहिरगवा, सकरिया, रानीवांग, जरूआपुर, जनवार, उड़की, जमुनहाई विलखुरा अहिगवां कैम्प एवं अन्य गांव जो हमें शहर में सब्जी उपलब्ध करा रहे है उन सिानो को जैविक खेती के लिये सरकार प्रयास कर रही है। कृषि सखी बनाई जा रही है जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। गांव में किसानो से चर्चा कर मन बहुत द्रवित होता है कीटाणु की रोकथाम में बहुत ही जहर सब्जी में डाल रहे उससे हमारी मिट्टी एवं मानव दोनो बीमारी ककी चपेट में आ रहा है। जीवामृत, घनजीवामुत, बीजामृत एवं जैविक कीटनाशक से जहरमुक्त सब्जी उत्पादन संभव है। वर्मीकम्पोस्ट केचुआ पालन से हमारी मिटटी स्वास्थ्य होगी तो हम सब स्वास्थ्य रहेगे मिट्टी बीमारी होगी तो हम बीमारी रहेगे। पल्थरा के शिव सिंह एवं गुलाब सिंह लगभग 2 एकड़ जमीन में खाने एवं सब्जी के लिये पूर्णता जैविक खाद उपयोग कर एवं देशी बीज को बढ़ावा दे रहे है। दिया में बलीीर सिंह एवं उनकी टीम जैविक खेती की ओर अग्रसर है।

## जिला कांग्रेस कमेटी आदिवासी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न
## प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने सुनी आदिवासियों की समस्याएं

पन्ना।

जिला कांग्रेस कमेटी आदिवासी प्रकोष्ठ पन्ना के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक 25 दिसंबर 2025 को जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना में आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संगठनात्मक मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री टेकाम जनवार पहुंचे, जहां उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए पार्टी स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के अंत में



आदिवासी कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने सभी आगंतुक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, रामकिशोर मिश्रा, रामलाल पटेल, खज्जू राजा, बंधू यादव, मार्तंड देव बुंदेला, रमा बुंदेला, सौरभ दुबे, भभूत सिंह राजपूत, कदीर खान, शशीकांत दीक्षित, सौरभ पटेरिया, राजा बाबू पटेल, नरेंद्र विश्वकर्मा, अजय तिवारी, केसरी अहिरवार, देबू गोंड, शिवप्रकाश दीक्षित, रामवीर तिवारी, अभिषेक चौरसिया, वासुदेव बुंदेला, राजाजी बुंदेला, वसीम खान, फैज मोहम्मद, फैयाज मोहम्मद, विक्रम सिंह, वेदांत मिश्रा, नसीम खान, आमिर खान, रहीमा खातून, पिंकू सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के नेता, महिलाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राज बहादुर पटेल द्वारा किया गया।

# नव उद्यमियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पन्ना।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत कृषि विभाग के सभागार में नव उद्यमियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना के प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। क्षमता निर्माण घटक अंतर्गत प्रशिक्षण का शुभांरभ जनपद पंचायत पन्ना के प्रतिनिधि मिजाजी लाल पटेल द्वारा किया गया। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण में जानकारी दी कि 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा बेरोजगार उद्यमी पीएमएफएमई योजना में स्वयं के उद्यम स्थापना के लिए बैंक से ऋण प्राप्त कर सकते



हैं। इसमें विभाग द्वारा 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ भी अधिकतम 10 लाख रूपए तक प्रदान किया जाता है। योजना को कृषि अधोसंरचना निधि से लिंक करने पर ब्याज में 7 वर्ष तक छूट का लाभ भी मिलता है। बैंक से योजना स्वीकृत कराने के लिए जिला रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण में उपस्थित बैंक प्रबंधक द्वारा लोन प्रक्रिया के दौरान वांछित दस्तावेजों की जानकारी दी गई। अंतिम दिवस प्रत्येक उद्यमियों को टीए, डीए एवं मानदेय सहित 1250 रूपए नकद राशि का भुगतान किया गया। नव उद्यमियों को पन्ना में स्थापित मां सी फूड प्रोडक्ट फैक्टरी का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी, कृषि वैज्ञानिक रणविजय सिंह, बैंक प्रतिनिधि अरविन्द कुमार गुप्ता, सेंट्रल बैंक पन्ना के प्रबंधक अभिनव कुमार सहित ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी संजीत सिंह बागरी, तकनीकी सहायक निधि बागरी, सोनाली असाटी एवं आरती सिंह तथा समस्त ब्लॉक के प्रभारी उद्यानिकी अधिकारी एवं जिला रिसोर्स पर्सन अभिषेक तिवारी व पवन तिवारी भी उपस्थित रहे।

**दक्षिण पन्ना में दुर्लभ संकटग्रस्त वूली नेक्टड स्टॉर्क की मौजूदगी**

# वूली नेक्टड स्टॉर्क की उपस्थिति दर्ज

पन्ना।

दक्षिण पन्ना वन मण्डल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा में दुर्लभ वूली नेक्टड स्टॉर्क (हाजी लग-लग) की उपस्थिति दर्ज की गई है। प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया द्वारा ली गई तस्वीरों के माध्यम से इस दुर्लभ पक्षी की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। वूली नेक्टड स्टॉर्क अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आई यू सी एन) की रेड लिस्ट में निकट संकटग्रस्त प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध है। यह पक्षी प्रायः झीलों, तालाबों, नदियों, दलदली क्षेत्रों, आर्द्रभूमियों तथा खुले वन क्षेत्रों के आसपास पाया जाता है, जहाँ इसे पर्याप्त भोजन एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध होता है। दक्षिण पन्ना क्षेत्र में वूली नेक्टड स्टॉर्क का पाया जाना क्षेत्र की समृद्ध , एवं स्वस्थ पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया द्वारा दुर्लभ लेसर एडजुटेंट, ब्लैक स्टॉर्क एवं पेंटेड स्टॉर्क की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। लगातार इन संवेदनशील एवं दुर्लभ पक्षी



प्रजातियों का अवलोकन इस क्षेत्र में समृद्ध जैव विविधता को दर्शाता है। वूली नेक्टड स्टॉर्क जैसे दुर्लभ एवं निकट संकटग्रस्त पक्षियों के संरक्षण के लिए उनके प्राकृतिक रहवास नदियों, तालाबों, जलाशयों एवं आर्द्रभूमियों का संरक्षण आवश्यक है। इसमें स्थानीय समुदाय की सहभागिता से ही प्रकृति की अनमोल विरासत को सुरक्षित रखा जा सकता है ताकि आने वाली पीढियाँ इन दुर्लभ पक्षियों को सुरक्षित और जीवंत रूप में देख सकें।

## खबर संक्षेप



### छतरपुर की सड़कों पर उड़ी यातायात नियमों की धज्जियां

**छतरपुर।** शहर के व्यस्ततम मार्गों पर नियमों को ताक पर रखकर तीन पहिया वाहनों में लोहे के लंबे-लंबे सरिया लोड कर दौड़ाए जा रहे हैं, जो राहगीरों के लिए चलता-फिरता काल साबित हो रहे हैं। लापरवाही का आलम यह है कि सरिया वाहन की निर्धारित सीमा से कई फीट बाहर निकला रहता है, जिससे पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की जान पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। शहर के पन्ना नाका, डाकखाना चौराहा, चौक बाजार और मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों में ऐसे वाहन बिना किसी रोक-टोक के देखे जा सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस और यातायात विभाग द्वारा आए दिन वाहन चेकिंग अभियान का दावा किया जाता है, लेकिन ऐसे जानलेवा लोडिंग वाहनों पर कार्रवाई न होना उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### रामकुमार विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरण

**दमोह** श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह की पालक संस्था श्री देव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह के द्वारा रामकुमार विद्यालय के कक्षा 6वी, 7वी, एवं 8वी के छात्रो को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री देव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुरू, श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, सचिव पं. हरिशंकर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष स्वामी अशोक कुमार तिवारी, सहसचिव विजय सिंह ठाकुर, सदस्य राजेश दुबे, राजीव हजारी के साथ ही शाला के प्राचार्य, समस्त शालेय परिवार एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे ।

### दमोह-जबलपुर हाईवे पर प्लाई से लदा ट्रक पलटा, सड़क किनारे बिखरा सामान

**सिंग्रामपुर ।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार की देर रात एक गंभीर सड़क हादसा टलते-टलते रह गया। जानकारी के अनुसार, पंजाब से जबलपुर की ओर जा रहा एक ट्रक, जिसमें प्लाई लदी हुई थी, सिंग्रामपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। पलटते ही ट्रक में लदी प्लाई सड़क किनारे बिखर गई। हालांकि आसपास कोई वाहन या राहगीर नहीं होने के कारण बड़ा नुकसान टल गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा। फिलहाल इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन ट्रक चालक और लोड की स्थिति की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सड़क काफी संकरी और घुमावदार है, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण रात में वाहन चलाना जोखिमपूर्ण है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है।

## जिला जेल छतरपुर का मामला :

# बुध को सजा और गुरु को कैदी ने की आत्महत्या?

### जेल छतरपुर में छत से कूदकर आत्महत्या का पहला मामला, जेल प्रशासन में मचा हडकप, आज होगा पीएम






**छतरपुर।**

प्रदेश में छतरपुर जिला अति संवेदनशील की श्रेणी में माना जाता है, और छतरपुर जिला जेल में पिछले कई सालों से जेल अधीक्षक का पद खाली है। जिला जेल छतरपुर जेलर के भरोसे चल रही कई सालों से। जिला जेल छतरपुर में रोजाना केदियों कि क्षमता डबल रहती है, फिर भी जिला जेल छतरपुर में जेल अधीक्षक नही है, प्रभारियों के भरोसे चल रही जिला जेल। जिला जेल छतरपुर पिछले कई माहों से शुर्खियों मे बनी हुई है। लेकिन यह शुर्खियां अब थमने का नाम नही ले रही है, आये दिन कोई न कोई घटना जेल में घटित हो रही है। जिससे जेल प्रशासन की छबि जिला में नही पूरे प्रदेश में खराब हो रही। बीते रोज जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार कैंटीन इंचार्ज द्वारा जेल में झाड़ू न लगाने के अलावा सभी प्रकार कि सुविधाओं कि सुविधाशुल्क का विडिओ तेजी से वायरल हुआ था, बीडियो बायरल होने पर उसे निलंबित कर सेंट्रल जेल सतना अटैच करने का मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि गुरूवार की दोपहर 3.30 बजे सजायाफ्ता कैदी ने जेल की बैरिक की छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक कैदी की पहचान शंकर प्रजापति पुत्र ननुआ प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी उर्दमऊ थाना गढ़ीमलहरा के रूप में हुई है। मृतक शंकर प्रजापति वर्ष 2023 से जिला जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बलात्कार एवं पास्को एक्ट के मामले में बंद था। उसे 24 दिसम्बर 2025 को न्यायालय द्वारा बलात्कार एवं पास्को एक्ट के मामले में अलग अलग सजा सुनाई गई थी। लेकिन सजा होने के दूसरे दिन ही कैदी ही ने छत से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार गुरूवार को क्रिसमस डे था और जेल परिसर के अंदर कैदियों को भोजन में पूडी सब्जी वितरित की गई थी। इसी दौरान कैदी शंकर प्रजापति बैरिक नम्बर 01 के पीछे गया और वहां बने हुए शौचालय के ऊपर चढकर बैरिक नम्बर 01 की छत पर चढ गया और वहीं छत से ही अस्पताल की तरफ मैदान में छलांग लगा दी। जैसे ही प्रहरियों ने कैदी को नीचे गिरा देखा तत्काल जेलर को सूचना दी। सूचना मिलते ही जेलर ने जेल की एम्बूलेंस के माध्यम से घायल शंकर प्रजापति को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लगते ही कोतवाली टीआई अरबिंद सिंह दांगी जिला अस्पताल पहुंचे और मृतक कैदी के शव को पोस्टमार्टम कक्ष में मरचूरी पर रखबाया गया है। शुक्रवार को डॉक्टरों के पैनल के द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतक कैदी के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। सम्भवतः मृतक के परिजनों के आने के बाद ही कैदी के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। अभी एक सप्ताह पहले ही जिला जेल में ग्राम कितपुरा के 2 कैदियों के बीच बिवाद हुआ और विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत ने सजायाफ्ता कैदी हाकिम सिंह पर सोते समय पत्थर से सिर पर हमला कर दिया था। इस हमले में हाकिम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसे जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर गंभीर हालत में रिफर कर दिया गया था और आज भी हाकिम सिंह ग्वालियर में उपचार करा रहा है।

#### प्रशासनिक और मजिस्ट्रियल जांच शुरू

कैदी की आत्महत्या की खबर मिलते ही अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे जिला जेल पहुँचे और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जेल प्रशासन और पुलिस विभाग अब इस बात की बारीकी से जांच कर रहे हैं कि सुरक्षा में चूक कहाँ हुई और कैदी छत तक पहुँचने में कैसे सफल रहा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मजिस्ट्रियल जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि इस खौफनाक कदम के पीछे असली वजह सिर्फ सजा का तनाव था या कोई अन्य कारण। कैदियों को सुविधा देने कि एवज में पैसे लेते वीडियो वायरल होने पर जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार को सेन्ट्रल जेल अधीक्षक ने किया निलंबित। इस घटना के एक दिन पहले जिला जेल की कैन्टीन में तैनात जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार द्वारा कैदी के परिजनों से कैदियों को सुविधा देने कि एवज में पैसे लेते वीडियो वायरल होने पर जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार को सेन्ट्रल जेल अधीक्षक द्वारा निलंबित कर सेन्ट्रल जेल सतना किया अटैच। वहीं जेल डीआईजी अखिलेश तोमर रात को ही छतरपुर पहुंचे और जेल जाकर सम्पूर्ण घटनाक्रम की जांच की। तो वहीं जेलर दिलीप सिंह जाटव का कहना है कि कैदियों को कैन्टीन के माध्यम से 2 हजार रूपए का सामान एक माह में भेजने की व्यवस्था है और इसी सामान के बदले में जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार द्वारा कैदी के परिजनों से पैसे लिए गए थे ना कि अन्य सामग्री भेजने के लिए।

#### पूर्व जेलर एमएस मराबी का कार्यकाल याद कर रहे लोग -

छतरपुर जेल में पहले जेलर के पद पर एमएस मराबी जेलर पदस्थ थे। उन दिनों जेल की व्यवस्थाएं ऐसी थी जैसा की लोग कहते रहते है कि यह जेल है और आज भी लोग। वा कैदी पूर्व जेलर मराबी, पाण्डेय के कार्यकाल को याद कर रहे है। क्योंकि यहां उनके कार्यकाल में व्यवस्थाएं चौकस होने के साथ ही बंदियों के खाने पीने से लेकर स्वास्थ्य परीक्षण तक की समुचित व्यवस्थाएं देखने को मिल रही थी। सबसे बड़ी बात कि श्री मराबी जेलर के कार्यकाल में जेल परिसर के अंदर कभी मोबाईल नाम की चीज देखने को नहीं मिली और ना ही बंदियों को मादक पदार्थ मिल पाते थे। उन दिनों छतरपुर जेल प्रदेश में सबसे शांत जेल मानी जाती थी, लेकिन स्थाई जेल अधीक्षक की पदस्थापना छतरपुर में ना होने पर आज जेल के हालात बद से बदतर होते जा रहें है।

## मछली का जाल निकालते समय तालाब में डूबा मछुआरा, परिजनों ने साथी पर लगाए आरोप



**छतरपुर।**

जिले के सटई थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ मछली पकडऩे के दौरान जाल निकालने के चक्कर में एक मछुआरे की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने साथी मछुआरे पर लापरवाही बरतने और जानबूझकर जोखिम में डालने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के मुताबिक सटई थाना क्षेत्र के विजयपुर तालाब में गुरुवार दोपहर को मनोज रैकवार (मछुआरा) अपने साथियों के साथ मछली पकडऩे गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मछली पकडऩे के दौरान जाल तालाब में कहीं फंस गया था। तभी साथी मछुआरे अनवर हुसैन ने मनोज से जाल निकालने को कहा। मनोज तालाब के गहरे पानी में उतरा, लेकिन जाल में उलझने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और गहराई में समा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद मनोज को बाहर निकाला और तुरंत सटई स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहाँ से उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ललतू रैकवार ने आरोप लगाया है कि अनवर हुसैन ने मनोज पर जाल निकालने के लिए दबाव बनाया था, जबकि मनोज को अच्छी तरह तैरना नहीं आता था। भाई का कहना है कि इसी दबाव के चलते मनोज तालाब में कूदा और उसकी जान चली गई। वहीं, दूसरी ओर साथी मछुआरे अनवर हुसैन का दावा है कि मनोज एक कुशल गोताखोर था और उसने खुद ही जाल निकालने की जिम्मेदारी ली थी। अनवर ने बताया कि वह स्वयं मनोज को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया था। सटई पुलिस ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व गवाहों के बयानों के आधार पर सत्यता का पता लगाया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जन्मशताब्दी पर हुआ प्रतिमा अनावरण

**छतरपुर।**

**भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के पावन अवसर पर आज छतरपुर नगर में श्रद्धा और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर पालिका छतरपुर द्वारा हनुमान टौरिया स्थित अटल पार्क में अटल स्मृति उद्यान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जहाँ जन-जन के प्रिय नेता अटल जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।**



हनुमान टौरिया स्थित अटल पार्क में गुरुवार को नगर पालिका के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन अटल जी की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव रहीं, जिन्होंने प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ललिता यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व दलगत राजनीति से ऊपर था और उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र सेवा का एक जीवंत प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान नगर पालिका के पार्षदों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भी अटल जी की स्मृतियों को साझा किया।

## कलयुगी माँ की निष्ठुरता, पुलिया के नीचे फेंकी नवजात बच्ची



**छतरपुर।**

गुरुवार को बमीठा थाना अंतर्गत एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। दरअसल यहां एक अज्ञात महिला ने अपनी नवजात बच्ची को जन्म के तुरंत बाद शाल में लपेटकर एक पुलिया के नीचे फेंक दिया। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बच्ची का रेस्क्यू किया और उसे उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाया।

यह संवेदनशील मामला बमीठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पन्ना रोड पर स्थित नीलम (चन्देल) ढाबा के पास का है। ग्राम चुरारन की पुलिया के नीचे रविवार को राहगीरों ने एक बच्ची के रोने की आवाज सुनी। जब पास जाकर देखा गया तो वहां एक नवजात कन्या शाल में लिपटी हुई लावारिस हालत में पड़ी थी। ठंड और असुरक्षित माहौल में पड़ी बच्ची की जान पर खतरा मंडरा रहा था। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। आरक्षक भानु पटेल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची को तत्काल अपनी गोद में लिया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमीठा पहुँचाया। वहां डॉक्टरों ने बच्ची का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति की गंभीरता और नवजात की नाजुक हालत को देखते हुए उसे 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। बमीठा पुलिस आसपास के गाँवों और अस्पतालों के रिकॉर्ड खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हाल ही में किन महिलाओं की डिलीवरी हुई है।

## महिला थाना प्रभारी पर लगाए अवैध वसूली और मारपीट के आरोप

**छतरपुर।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय गुरुवार को उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब एक महिला ने महिला थाना प्रभारी पर भ्रष्टाचार, मारपीट और फर्जी केस में फंसाने की धमकी देने के सनसनीखेज आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1:30 बजे पूजा प्रजापति पत्नी रामकिशोर प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 01 नौगांव रोड ने अपनी व्यथा सुनाते हुए जमकर हंगामा किया। पीड़िता ने एसपी को सौंपी लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि 24 दिसंबर की शाम महिला थाना प्रभारी प्रतिभा श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ उनके घर में घुसीं और



वहां मौजूद महिलाओं चंपा देवी पाल और किरायेदार सानिया खान के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि चंपा देवी को लोहे की वस्तु और तारों से पीटा गया, जिससे उनकी गर्दन और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। पूजा प्रजापति ने संगीन आरोप लगाते हुए बताया कि महिला थाना प्रभारी ने उन पर अवैध शराब बेचने का झूठा आरोप लगाया और मामला रफा-दफा करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की। पैसे न देने पर जबरन 30 हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसे लगातार फर्जी शराब तस्करी के केस में जेल भेजने और किरायेदार से मकान खाली कराने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे वह और उसका परिवार गहरे मानसिक तनाव में है। हंगामे की सूचना मिलते ही ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव मौके पर पहुँचे और पीड़िता को समझाइश देकर शांत कराया। एसपी कार्यालय द्वारा इस मामले में आवेदन लेकर जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लगाए गए आरोपों की बारीकी से जांच की जाएगी और यदि पुलिस अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## धारदार हथियारों से हमला कर उतारा मौत के घाट, महिला सहित तीन घायल

# एक दशक पुराने जमीनी विवाद में गई वृद्ध की जान

**छतरपुर।**

पिपट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनवां में करीब एक दशक पुराने जमीनी विवाद में गुरवार को एक परिवार पर दबंगों ने लाठी, डंडों, कुल्हाड़ी और पत्थरों से हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में परिवार के मुखिया की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और दो बेटे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे गाँव में सन्नाटा पसरा हुआ है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनवां निवासी गोली अहिरवार 55 वर्ष का गाँव के ही दूसरे पक्ष से करीब 12 साल से जमीन का विवाद चल रहा था। हाल ही में हाईकोर्ट ने इस मामले में फैसला अहिरवार परिवार के पक्ष में सुनाया था, जिसके बाद वे अपनी जमीन पर खेती करने लगे थे। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे, दूसरे पक्ष के लोग सरकारी जमीन पर अवैध उत्खनन कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अहिरवार परिवार के खेत की मेढ़ और जाली तोड़ दी। जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया, तो आक्रोशित होकर गट्टी अहिरवार, परशुराम, जगतराज, ओपु, दीपू, राजू और चार महिलाओं सहित अन्य लोगों ने खेत पर पहुँचकर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों और पत्थरों से परिवार पर




हमला किया। इस हमले में गोली पिता तेजुआ अहिरवार 55 वर्ष के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत जैसी स्थिति हो गई। वहीं, उनके बेटे अनिरत 33 वर्ष, अर्जुन 36 वर्ष और पत्नी भुवनीबाई 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुँची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत गोली अहिरवार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

#### न्याय के लिए दर-दर भटक रहा था परिवार

घायल अर्जुन अहिरवार ने बताया कि वे 12 साल से अपनी जमीन के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। हाईकोर्ट से जीत मिलने के बाद उन्हें लगा था कि अब वे सुकून से खेती कर सकेंगे, लेकिन दूसरे पक्ष की दबंगई ने उनके पिता को उनसे छीन लिया। अर्जुन के अनुसार, आरोपियों द्वारा अवैध उत्खनन के दौरान उनके खेत को नुकसान पहुँचाने का उलाहना देना ही इस जानलेवा हमले का कारण बना।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री ने आमजनों से की मुलाकात



**रीवा।** प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने न्यु सर्किट हाउस राजनिवास में आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि व स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### कमलेश बने जिले के पहले राहवीर, मिलेंगे 25 हजार

**कटनी।** कमलेश निषाद जिले के पहले राहवीर बन गये हैं। बीते 26 जुलाई को पंचवटी ढाबा के समीप घटित सड़क दुर्घटना में घायल युवक को गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाने के लिये 34 वर्षीय कमलेश निषाद को राहवीर योजना-2025 के तहत 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा कटनी के खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड थाना कोतवाली निवासी कमलेश निषाद पिता ननकू निषाद निवासी कटनी के नाम का अनुमोदन प्रस्ताव राहवीर योजना के लिये राज्य सड़क सुरक्षा समिति को प्रेषित किया गया था। यह घटना बीते 26 जुलाई की रात्रि 9.50 बजे पंचवटी ढाबा के पास घटित हुई थी। जहां सड़क दुर्घटना में उमरिया जिला निवासी 28 वर्षीय विपिन तिवारी पिता हरिनारायण तिवारी गंभीर रूप से घायल हुये थे। घायल विपिन तिवारी को तत्परता पूर्वक राहवीर कमलेश निषाद ने गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाई थी। जहां परीक्षण के उपरांत घायल के पैर के ओपन ग्रेड 3 बी पटेला फ्रैक्चर में चोट पाई गई। इस पर घायल को शल्य क्रिया हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चोट गंभीर प्रकृति की श्रेणी में आती है और राहवीर कमलेश निषाद द्वारा किये गये सराहनीय कार्य की वजह से घायल को गोल्डन आवर में ईलाज मिला। जिसके कारण घायल की जिंदगी बचाई जा सकी। कलेक्टर श्री तिवारी ने सड़क दुर्घटना में घायल की मदद कर जिले के पहले राहवीर बनने पर कमलेश निषाद की प्रशंसा करते हुये बधाई दी। घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में लोगों से मदद की अपील की है। गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार और सम्मान पत्र से सम्मानित करने का प्रावधान है।

### बड़वारा को नगर परिषद बनाने तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

**बड़वारा।** समाज सेवा विकास संस्था बड़वारा के पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़वारा को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजसेवी मैना सिंह ने बताया कि बड़वारा मुख्यालय से हर वर्ष सरकार को करोड़ों-अरबों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यहाँ दो बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां और दर्जनों खदानें संचालित हैं। आबादी, क्षेत्रफल और रोजगार की उपलब्धता के लिहाज से बड़वारा हर मापदंड पर नगर परिषद बनने की पात्रता रखता है। इसके बावजूद, उचित प्रशासनिक दर्जे के अभाव में क्षेत्र आज भी उपेक्षा का शिकार है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द बड़वारा ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाया जाए।

### मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम के तहत मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा औद्योगिक इकाई ₹सतनाम पॉलीमर्सर₹ का भ्रमण कराया गया। इस औद्योगिक भ्रमण में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा - केंद्रीय गृह मंत्री

## हर व्यक्ति पीपल के पांच पौधे लगाकर बसामन मामा के पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पूरा करें: प्रदेश में दूध का उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे - मुख्यमंत्री







**रीवा**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा जिले के बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया। गृहमंत्री शाह ने किसान सम्मेलन में कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। अटल जी सुशासन और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे। वह जो कहते थे उसे करके दिखाते थे। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं। अटल जी को विंध्य क्षेत्र बहुत प्रिय था। विंध्य की गोद में बसे रीवा में तेजी से विकास हो रहा है। एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्रोजेक्ट रीवा में ही है। यहां फोरलेन सड़कें और 24 घंटे सेवा देने वाला एयरपोर्ट है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि रीवा में बेसहारा गायों को आश्रय देने के लिए बनाए गए बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के नए प्रयोग शुरू किए गए हैं। यहां विकसित किया जा रहा प्राकृतिक खेती का प्रकल्प किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। धरती माता के स्वास्थ्य की रक्षा और अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती ही एकमात्र विकल्प है। प्राकृतिक खेती को हर किसान अपनाए। इसमें उत्पादन कम नहीं होता है। देश के 40 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज, फल और सब्जियां केमिकल से मुक्त और हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए देश में शीघ्र ही 400 से अधिक लैब कार्य करने लगेंगी। सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण, पैकेजिंग और विपणन की व्यवस्था की जा रही है। बसामन मामा गौ वन्य विहार में जो एक्युरेशन फार्म स्थापित किए जा रहे हैं उन्हें भी बसामन मामा प्रकल्प के रूप में जाना जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। बसामन मामा ने पीपल के वृक्ष की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। हम सब अगली बरसात में कम से कम पांच पीपल के पौधे रोपित करके बसामन मामा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। पीपल ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे केन्द्रीय गृहमंत्री ने 33 साल पहले सफल्तापूर्वक जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया था। हमारी सरकार प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेती के साथ-साथ किसान की आय बढ़ाने के लिए दूध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश का दुग्ध उत्पादन अगले 5 सालों में 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हम घर-घर में गौपालन को बढ़ावा देने के लिए गोपाल बनाएंगे। आज अटल जी का जन्मदिन है। जिन्होंने हमारी पार्टी की नींव रखी। केंद्रीय गृहमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के प्राकृतिक खेती के संकल्प से बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प को जन्म दिया। यहां किसानों को प्रशिक्षण देकर प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। रीवा को हम प्राकृतिक खेती में अव्वल जिला बनाएंगे। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य बेसहारा गायों को आश्रय देने के साथ प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। देश के गृहमंत्री जी ने यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नक्सलवाद का सफाया किया है। आपकी लौह पुरुष जैसी कार्यशाली से अनेक कठिन लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं। विंध्य की धारा पर गृहमंत्री जी का आगमन गौ माता जी के आशीर्वाद से ही हुआ है। गौ माता इतनी पवित्र हैं कि उसके गोबर और गोमूत्र का उपयोग पूजा में होता है। गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना जाता है। प्राकृतिक खेती गोपालन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की आय में वृद्धि करेगी। प्राकृतिक खेती को अपनाने के बाद गौवंश भी बेसहारा नहीं रहेगा। सम्मेलन में विधायक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए गौरव का दिन है। अटल जी के जन्मदिन पर प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है। सुशासन अटल जी की विचारधारा थी। इसे मध्यप्रदेश में हमारी सरकार ने अमलीजामा पहनाया है। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के संकल्प से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिला है। इसे अपनाकर किसान समृद्ध होंगे और हम सबका स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। बसामन मामा में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प की जो शुरुआत हुई है उसकी गूंज दूर तक जाएगी।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बसामन मामा पहुंचकर प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने गौशाला में विकसित किए जा रहे प्राकृतिक खेती के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। शाह ने बसामन मामा में कल्पवृक्ष का पौधा रोपित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के प्रकल्प के विषय में किए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी ली। गृहमंत्री ने 60 तरह के बीजों, गोमूत्र तथा गोबर से बनाए गए कीटनाशक एवं खाद अंतर्वरतीय फसलों, फाइव लेयर में की जा रही खेती, औषधीय पौधों की खेती, तथा फल उद्यान का अवलोकन किया। गृहमंत्री ने गौ अभ्यारण्य की गायों का दर्शन किया तथा गौ पूजन करके गौ ग्रास खिलाया। गृहमंत्री ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में गौमाता की सेवा और प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सम्मेलन में गृहमंत्री ने प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले दो किसानों भूपेन्द्र सिंह तथा विवेक सिंह भदौरिया को संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया। किसान सम्मेलन में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम, लखन पटेल राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल भाजपा के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक साथ दो बड़े दिल के छेद का सफल डिवाइस क्लोजर: विंध्य क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि



**रीवा।** विंध्य क्षेत्र के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा के कार्डियोलॉजी विभाग ने हृदय रोग उपचार में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक साथ दो मरीजों के दिल में मौजूद बड़े जन्मजात छेद (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट ) को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के सफलतापूर्वक बंद किया है। यह उपलब्धि न केवल रीवा बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र के चिकित्सा इतिहास में मील का पत्थर मानी जा रही है। इस जटिल और आधुनिक प्रक्रिया को कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं डॉ. सुरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने अंजाम दिया। दोनों मरीजों के दिल में मौजूद बड़े छेद को अत्याधुनिक डिवाइस तकनीक के माध्यम से बंद किया गया, जिसमें न तो सीने पर बड़ा चीरा लगाया गया और न ही ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ी। कैथेटराइजेशन तकनीक के जरिए यह प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम जोखिम और जल्दी स्वस्थ होने का लाभ मिला। अब तक इस प्रकार के बड़े दिल के छेद का इलाज केवल ओपन हार्ट सर्जरी के माध्यम से ही संभव माना जाता था, जिसमें लंबा ऑपरेशन, अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहना और रिकवरी में काफी समय लगता था। लेकिन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा में की गई इस न्यूनतम आक्रामक (मिनिमली इनवेसिव) प्रक्रिया ने यह साबित कर दिया है कि विंध्य क्षेत्र में भी अब विश्वस्तरीय हृदय रोग उपचार उपलब्ध है। चिकित्सकों के अनुसार, एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट एक जन्मजात हृदय रोग है, जिसमें दिल के ऊपरी दो कक्षों के बीच छेद होता है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों को बार-बार सांस की संक्रमण, जल्दी थकान, सांस फूलना, हृदय गति बढ़ना और भविष्य में गंभीर जटिलताओं का खतरा रहता है। समय रहते यदि मरीज कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क कर 2D इको जांच करवा लें, तो इस बीमारी की पहचान आसानी से हो सकती है और डिवाइस क्लोजर जैसी आधुनिक तकनीक से इसका स्थायी इलाज संभव है। इस सफल प्रक्रिया के बाद दोनों मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और कुछ ही दिनों में सामान्य जीवन जीने की ओर लौट सकेंगे। इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रदेश के माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री शराजेंद्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, सुपरिंटेंडेंट डॉ. अक्षय श्रीवास्तव एवं कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वी.डी. त्रिपाठी ने भी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रक्रिया को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ सतेंद्र तथा कैथलैब टेक्नीशियन जय नारायण मिश्रा, सुधांशु, मनीष, सत्यम, सुमन, विजय एवं सोनाली का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा लगातार विंध्य क्षेत्र के लोगों को उन्नत और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है।

## केंद्रीय गृह मंत्री का रीवा एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत, उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने की अगवानी



**रीवा ।** केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के गुरुवार को रीवा एयरपोर्ट आगमन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अगवानी कर स्वागत किया। गृह मंत्री के साथ विमान में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी रीवा आए,विमानतल पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ,प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा एयरपोर्ट से अपरान्ह 3.20 बजे बसामन मामा के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।रीवा एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ,विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, डॉ. अजय सिंह,विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, अरुण द्विवेदी, आईजी गौरव राजपूत,संयुक्त कमिश्नर सुदेश मालवीय, शामिल हैं।

### सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए आयोजित होंगे शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन तहसील स्तर पर शिविर लगाकर कराएं। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे। इसके साथ ही कृषकों को शिविर में समक्ष में बुलाकर भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## कृषक सम्मेलन स्थल में लगाई गई प्रदर्शनी





**रीवा ।** बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार में आयोजित कृषक सम्मेलन स्थल में प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों जैसे जीवामृत, बीजामृत, धनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्राहास्त्र, अग्निस्त्र पशपर्णी उक्त तैयार करने में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के साथ प्राकृतिक रूप से उत्पादित उत्पाद की जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कृषि विभाग द्वारा मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी, रागी ज्वार, बाजरा के बीजों के साथ ही श्री अन्न फसलों की खेती के लाभ एवं उनमें पाये जाने वाले पोषक तत्वों के महत्व को भी दर्शाया गया। कृषि अभियांत्रिकी के तहत पराली प्रबंधन के उन्नत कृषि यंत्रों कल्चर, वेलर, हैपी सीडर व सुपर सीडर का भी प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग केन्द्र द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती में सहायक लाभकारी कीटो का भी प्रदर्शन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी में उद्यानिकी फसलों को दर्शाया गया।

## सूखी पड़ी ग्राम पंचायतों की नहर, पानी को तरस रहे किसान, हजारों एकड़ की फसल प्रभावित मनगवां विधानसभा के देवास गांव का मामला



**रीवा।** रीवा में फसल के सीजन में नहर में पानी ना होने से किसान बेहद ही परेशान है।पानी के आभाव में हजारों एकड़ की फसल सूखने की कगार पर है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर पानी नहीं मिला तो उनकी फसल खराब हो सकती है ऐसे में पानी की तरस रहे किसान शासन और प्रशासन से नहर में पानी छोड़ने की मांग कर रहे है। मामला जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र देवास गांव का है। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की माने तो गांव से गुजरी माइनर नहर कई सालों से सूखी पड़ी है। नहर का निर्माण हुए 10 साल हो गए लेकिन उक्त नहर की कभी सफाई नहीं हुई जिससे गांव तक पानी नहीं पहुंच पाता। हालांकि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन के साथ सम्बन्धित विभाग और जनप्रतिनिधियों से शिकायत भी की गई लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## दादी की बरसी में पोते पर कुल्हाड़ी से हमला, गोविंदगढ़ टीकर गांव की घटना निमंत्रण ना देने से नाराज चाचा ने पुत्र के साथ किया हमला

**रीवा ।** जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमलावर कोई और नहीं बल्कि घायल का चाचा और चचेरा भाई था, जो बरसी में निमंत्रण ना देने से नाराज थे। आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई ,गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र टीकर गांव में बुधवार की शाम यादव परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया।घटना के संबंध में घायल उद्रमणि यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में बुधवार को उसकी दादी की बरसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिस दौरान वह मेहमानों को खाना खिला रहा था, तभी उसके चाचा अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी का उनके परिवार से पूर्व से ही विवाद चल रहा था, ऐसे में बरसी कार्यक्रम में निमंत्रण ना देने से वह नाराज थे, और इसी बात को लेकर विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हनुमना में 61 वां अखिल भारतीय राम चरितमानस सम्मेलन

**मऊगंज**

हनुमना मे विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जी की नगरी हनुमना के रामलीला मैदान में 61वांअखिल भारतीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर दिन गुरुवार से से 29 दिसंबर दिन सोमवार तक पंचदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है यह आयोजन ब्रह्मलीन पंडित सूर्य प्रताप मिश्र जी के स्मृति मैं प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें देश के जाने-माने प्रख्यात राम कथा मर्मज्ञ विद्वान पधार कर संगीतमय श्री राम कथा का रसपान भक्तों को कराते हैं। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख कर्ताधर्ता डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा जो पंडित सूर्य प्रताप मिश्रा जी के सुपुत्र हैं वे नगर के युवाओं को लेकर हनुमत मानस समिति का गठन किये और उसके प्रयास से देश के विभिन्न विद्वानों को बुलाकर पंडित सूर्य प्रताप मिश्रा की स्मृति में विगत वर्षों से अखिल भारतीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन की श्रृंखला को पुनर्जीवित करते हुए रामलीला मैदान में अनवरत प्रत्येक वर्ष यह परंपरा चल रही है ,उसी कड़ी में इस वर्ष भी दिनांक 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक श्री रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ किया गया है यहां पर प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्री रामचरितमानस सम्मेलन का कार्यक्रम चलेगा जहां सायं कालीन आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा श्री रामचरितमानस सम्मेलन में जिन विद्वानों को आमंत्रित किया गया है उनमें चित्रकूट धाम से मानस कोकिला साध्वी नीलम गायत्री, पंडित रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित रिटायर्ड जस्टिस अरुण कुमार सिंह, अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय कोतवाल तांत्रिक पीठाधीश्वर भैरव दास जी महाराज प्रयागराज,, पंडित राघवेंद्र पांडे ₹राघवर₹ संकट मोचन वाराणसी से, पंडित मुद्रिका प्रसाद मिश्रा शास्त्री जी सलैया हनुमना, सुरेंद्र रामायणी गुनौर पन्ना मध्य प्रदेश, पंडित राजराखन मिश्रा शास्त्रीजी कचनार हनुमना, पंडित रामाधीन मिश्रा सगरा हनुमना, पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी संकट मोचन वाराणसी, बघेली लोकगीत में श्री राम कथा का गायन करने वाले अरविंद पटेल एवं उनकी टीम के साथीगण, तथा संगीत टीम के पंडित वीरेंद्र मिश्रा पंडित सुजीत मिश्रा एवं पंडित शशिकांत तिवारी की टीम पूरे कार्यक्रम के दौरान संगीत की थाप पर लोगों को समूचे मानस सम्मेलन में चार चांद लगाने का कार्य करेगी। समस्त कार्यक्रमों का कुशल संचालन काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में विधि संकाय के प्राध्यापक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक ज्योत कुमार गुप्ता ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 12:00 से शाम 6:00 बजे तक चलेगी श्री गुप्त तथा कमेटी के समस्त सदस्यों तथा नगर वासियों ने राम कथा त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए समस्त क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लेने की अपील की है

## मऊगंज की 5 वर्षीय बच्ची का फेल हुआ लीवर, डिप्टी सीएम के हस्तक्षेप से एयर एंबुलेंस द्वारा भोपाल रेफर



**मऊगंज।** जिले की एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची के गंभीर लिवर फेलियर का मामला सामने आया है। हालत नाजुक होने पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के हस्तक्षेप से प्रधानमंत्री एयर एंबुलेंस के माध्यम से बच्ची को रीवा से भोपाल भेजा गया है, जहां उसका उन्नत इलाज किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज निवासी रोहित दुबे की 5 वर्षीय पुत्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन बच्ची को इलाज के लिए करीब पांच दिन पहले रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्ची का लीवर फेल होने की पुष्टि की। लगातार हालत बिगड़ने पर विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता को देखते हुए भोपाल रेफर करने की सलाह दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी सीएम के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। इसके बाद बच्ची को सुरक्षित रूप से एयर एंबुलेंस से रीवा से भोपाल भेजा गया।परिजनों ने शासन-प्रशासन और डिप्टी सीएम का आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से बच्ची को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। फिलहाल भोपाल में डॉक्टरों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है।